भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION

मुख्य नियंत्रण सुविधा MASTER CONTROL FACILITY

हासन HASSAN- 573 201, कर्नाटक KARNATAKA

विज्ञापन सं. एमसीएफ/का.सा.प्र./01/2014 दिनांक DATED 03/05/2014

ADVERTISEMNT NO.MCF/PGA/01/2014

अंतरिक्ष विभाग के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतर्गत कर्नाटक के हासन शहर में स्थित मुख्य नियंत्रण सुविधा भू-स्थिर उपग्रहों के विभिन्न अवस्थाओं में; कक्षा में स्थापित करने की अवस्था से लेकर उपग्रह के जीवन काल की समाप्ति तक नियंत्रण एवं निगरानी करने वाला प्रधान केन्द्र है | मुख्य नियंत्रण सुविधा में प्रचालनों में अत्याधुनिक सुविधाएँ एवं दिन-रात दूरमिति, अनुवर्तन, निर्देशन एवं परासन की प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं और यह युवा एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उन्नति के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है |

**Master Control Facility under the Indian Space Research Organisation of the Department of Space, located at Hassan City in Karnataka is the prime station for controlling and monitoring the geo-stationary satellites in various phases right from the injection stage till end of life. The operations at MCF involve state of the art facilities and round the clock telemetry, tracking, commanding and ranging operations and provide an excellent opportunity for growth to the young and talented persons.**

एमसीएफ निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है :-

**MCF INVITE APPLICATIONS FOR THE FOLLOWING POSTS:**

पद का नाम एवं श्रेणी : तकनीशियन-बी (वेतनमान-5200-20200/- +ग्रेड वेतन-2000/-)

**NAME OF THE POST & GRADE:** ***TECHNICIAN-B (₹ 5200-20200/- +GRADE PAY ₹ 2,000/-)***

| पद कोड **Post code** | पद का नाम **Discipline** | पदों की संख्या **No. of posts** | आरक्षण-सम्बन्धी विवरण **Reservation details** | आवश्यक योग्यता **Essential qualification** |
|---|---|---|---|---|
| 01 | फिटर Fitter | 02 | अना. UR -01<br>अ.पि.व. OBC -01<br>(01 पद भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित)<br>(1 post reserved for Ex-Servicemen) | 1. एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण SSLC/SSC pass<br>2. फिटर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी ITI/NTC/NAC in Fitter Trade |
| 02 | प्रशीतन एवं वातानुकूलन Refrigeration & Air Conditioning | 02 | अ.पि.व. OBC -01<br>अ.ज.जा ST -01 | 1. एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण SSLC/SSC pass<br>2. यांत्रिक प्रशीतन व वातानुकूलन ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी ITI/NTC/NAC in Mechanic Refrigeration & Air-conditioning Trade |
| 03 | डीजल मैकेनिक Diesel Mechanic | 01 | अ.जा. SC | 1. एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण SSLC/SSC Pass<br>2. डीजल मैकेनिक ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी ITI/NTC/NAC in Diesel Mechanic Trade |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | प्लम्बर<br>Plumber | 02 | अना.UR | 1. एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण<br>SSLC/SSC Pass<br>2. प्लम्बर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./ एन.ए.सी<br>ITI/NTC/NAC in Plumber Trade |
| 05 | इलेक्ट्रीशियन<br>Electrician | 01 | अ.पि.व. OBC | 1. एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण<br>SSLC/SSC Pass<br>2. इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आई.टी.आई./ एन.टी.सी./ एन.ए.सी<br>ITI/NTC/NAC in Electrician Trade |

**पद का नाम एवं श्रेणी : ड्राफ्ट्समैन -बी (वेतनमान-5200-20200/- +ग्रेड वेतन-2000/-)**
**NAME OF POST & GRADE: DRAUGHTSMAN- B (` 5200-20200/- + GRADE PAY ` 2,000/-)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 06 | सिविल Civil | 01 | अना. (वि. व्य.(श्र.दु.) के लिए आरक्षित)<br>UR<br>(Reserved for PWD (HI) | 1. एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण<br>SSLC/SSC Pass<br>2. ड्राफ्ट्समैन सिविल ट्रेड मे आई.टी.आई./ एन.टी.सी./ एन.ए.सी<br>ITI/NTC/NAC in Draughtsman Civil Trade |

**पद का नाम एवं श्रेणी : कैटरिंग एटेंडेंट-ए (वेतनमान-5200-20200/- +ग्रेड वेतन-1800/-)**
**NAME OF POST&GRADE:CATERING ATTENDANT-A (`5200-20200/-+GRADE PAY` 1,800/-)**

| पद कोड **Post code** | पदों की संख्या **No. of posts** | आरक्षण-संबंधी विवरण **Reservation details** | आवश्यक योग्यता **Essential qualification** |
|---|---|---|---|
| 07 | 02 | अना. UR | एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. उत्तीर्ण<br>SSLC/SSC Pass |

संक्षिप्तिः अना-अनारक्षित, अ.पि.व.– अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा.-अनुसूचित जाति
अ.ज.जा.-अनुसूचित जनजाति, वि.व्य.-विकलांग व्यक्ति, श्र.दु.-श्रवण दुर्बलता

Abbreviation: UR- Un-reserved, OBC – Other Backward classes, SC- Scheduled Caste, ST-Scheduled Tribe, PWD-Persons With Disabilities, HI- Hearing Impairment.

**सामान्य सम्बन्ध एवं शर्तें GENERAL TERMS AND CONDITIONS:**

1. ऊपर दर्शाये गए पदों की संख्या अस्थायी है और उस में वास्तविक आवश्यकता के अनुसार परिवर्तित की जा सकती है।
   The number of posts indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirement.
2. सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने के लिए प्रयासरत है, जिसमें लिंगानुपात का संतुलन हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाता है |
   Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.
3. ये पद अस्थायी हैं, लेकिन इन्हें जारी रखे जाने की संभावना है ।
   The posts are temporary, but likely to continue.
4. **केवल वे ही लोग आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने आवेदन की अंतिम तिथि तक आवश्यक योग्यताएं प्राप्त की हों ।**
   **THOSE WHO POSSES THE REQUIRED QUALIFICATION AS ON THE LAST DATE OF APPLICATION ONLY NEED APPLY**.

5. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले, प्रत्येक पद के लिए अलग से आवेदन करें।
Those applying for more than one post should apply separately for each post.

6. **आयु-सीमा (तकनीशियन-बी एवं ड्राफ्ट्समैन–बी के लिए) : 18-35 वर्ष (30.05.2014 को)**
**Age Limit (for Technician-B & Draughtsman-B):18 – 35 years as on 30.05.2014**
**आयु-सीमा (केटरिंग एटेंडेंट-ए के लिए) : 18-25 वर्ष (30.05.2014 को)**
**Age Limit (for Catering Attendant-A) : 18 – 25 years as on 30.05.2014**

अनु.जा./अनु.जजा. के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु-सीमा में 05 वर्षों की और अ.पि.जा. के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्षों की छूट।

Relaxation in upper age limit by 5 years for SC/ST candidates and 3 years for OBC candidates, wherever posts are reserved.

भूतपूर्व सैनिक, विकलांग व्यक्ति, विभागीय उम्मीदवार, वरीयताप्राप्त खिलाड़ी, विधवायें, तलाकशुदा स्त्रियाँ एवं कानूनी तौर पर पति से अलग हो चुकी स्त्रियाँ, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है; भारत सरकार के आदेशानुसार आयु में छूट के हकदार हैं | 1984 के दंगों के दौरान मृतकों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को; जहां लागू हो, आयु में आवश्यक छूट देते हुए नियुक्ति में वरीयता प्रदान की जायेगी |

Ex-servicemen, Person With Disability (PWD), Departmental candidates, Meritorious sportspersons, Widows, Divorced women and women judicially separated from their husbands and who are not remarried are eligible for age relaxation as per Government of India Orders. Children / family members of those who died in the riots of 1984 will be given preference in recruitment by giving necessary age relaxation as applicable.

7. **वेतन एवं भत्ते:** वर्तमान में प्रति माह अनुमानित न्यूनतम वेतन निम्नलिखित है:
**PAY AND ALLOWANCES**: Approximate salary per month at the minimum as on date is as follows:

| पद कोड **Post code** | पद का नाम **Name of post** | अनुमानित न्यूनतम वेतन **Approximate minimum salary** |
|---|---|---|
| 1 से 6 | तकनीशियन-बी/ड्राफ्ट्समैन-बी<br>Technician-B/ Draughtsman-B | 16000/- |
| 7 | कैटरिंग एटेंडेंट-ए<br>Catering Attendant-A | 14000/- |

8. इसके अलावा, वृत्तिभोगी सीमित विभागीय आवास सुविधा या इसके बदले में आवास किराया भत्ता, आवास एवं कार्यालय के बीच विभागीय परिवहन सुविधा या इसके बदले में परिवहन भत्ता, दो बच्चों के लिए शिक्षण भत्ता, छुट्टी यात्रा भत्ता, स्वयं व परिवार के आश्रित सदस्यों के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत चिकित्सा-सुविधा, गृह-निर्माण/वाहन-क्रय के लिए ऋण सुविधा, कैंटीन सुविधा आदि के हकदार है।

In addition, the incumbent is also eligible for limited Departmental Housing Facility or in lieu House Rent Allowance, Departmental Transport Facility between residence and office in lieu of Transport Allowance, Children Education Allowance upto two children, Leave Travel Concession, medical coverage for self and dependant family members under the Contributory Health Service Scheme, loan facility for construction of House/purchase of conveyance, subsidized canteen facility, etc.

9. वृत्तिभोगी को परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (नयी पेंशन योजना)के अंतर्गत शामिल किया जाएगा ।
The incumbent will be covered under the Defined Contribution Pension Scheme (New Pension Scheme)

10. भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र के साथ भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति दर्शाने वाले **कार्य-मुक्ति प्रमाण-पत्र** एवं ट्रेड की समकक्षता के प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी; अन्यथा इस प्रकार के आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |
Candidates applying for the post reserved for Ex-servicemen have to submit attested copy of **Discharge Certificate** duly indicating the Ex-Servicemen status and equivalency certificate to the trade, along with application, otherwise such applications will not be considered.

11. विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित पद के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता का प्रतिशत दर्शाते हुए विकलांगता प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी |
Candidates applying for the post reserved for Person With Disability (PWD) have to submit attested copy of Disability Certificate in the prescribed format clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board, duly constituted by Central or a State Government.

12. आवेदक को परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलावा भेजने के लिए सिर्फ योग्यता ही काफी नहीं है | उचित विधिवत नियुक्त स्क्रीनिंग समिति प्रारम्भ में आवेदन-पत्रों की जांच करेगी, भरे जाने वाले पदों की संख्या एवं प्राप्त आवेदन-पत्रों के आधार पर माप-दंड निर्धारित करेगी और उन उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करेगी; जिन्हें आगे परीक्षा एवं/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा |
Mere eligibility will not make an applicant being called further for test/interview. A duly appointed screening committee will initially scrutinize the applications, evolve a criteria depending on the number of applications received vis-a- vis posts to be filled and make a shortlist of candidates to be called for further test and/or interview.

13. सक्षम अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल बोर्ड/संघ/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मान्यताप्राप्त खेलों/आयोजनों में भाग ले चुके खिलाड़ियों पर अन्य शर्तें पूरी करने पर नियमानुसार विशेष विचार किया जाएगा ।
Sports persons who have participated in any of the recognized Sports /Events conducted by the Competent Sports Board /Federation at International / National /Inter University will be given special consideration as per rules, if they fulfill other conditions.

14. सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वयंशासी संगठन या सरकार द्वारा सहायता-प्राप्त अन्य किसी संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र उचित माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए ।
Candidates working in Government/Semi-Govt/Public Sector Undertakings / Autonomous Organisation or any other organization aided by Government should submit the application, through proper channel.

15. साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभार्थियों को आवेदन-पत्र में दर्शाये गए विवरणों को साबित करने के लिए “अनापत्ति प्रमाण-पत्र” (अगर पहले से नौकरीशुदा हों) सहित सभी संबंधित मूल दस्तावेज साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे | अगर आवेदन-पत्र में दिया गया गया कोई भी विवरण गलत/असत्य पाया जाता है, तो उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा और उसे यात्रा भत्ता भी नहीं दिया जाएगा |
Candidates called for interview will have to produce all relevant original documents, including No Objection Certificate, if employed already, in proof of details furnished in their application, at the time of interview. If any information furnished in the application is found to be wrong or false, the candidate will not be interviewed and TA will not be paid.

16. साक्षात्कार के लिए आमंत्रित बाहर से आये उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र में दिए गए पते से आने-जाने का द्वितीय-श्रेणी का निकटतम मार्ग के लिए रेलवे किराया या बस किराया; जो भी कम हो, प्रमाण यथा पी.एन.आर./टिकट सं. या बस टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जाएगा | अगर आवेदक निर्धारित श्रेणी से ऊँची श्रेणी में यात्रा करता है; तो दावे को बिना आरक्षण /शयनयान प्रभार के द्वितीय-श्रेणी के ट्रेन के किराए तक ही सीमित रखा जाएगा |

Outstation candidates called for interview will be paid to and fro second-class railway fare from the address given in the application by the shortest route or bus fare, whichever is less, or production of proof such as PNR/Ticket No. or bus tickets. If the applicant travels in a higher type of accommodation than the one prescribed, the claim will be restricted to second-class train fare without reservation/sleeper charges.

17. तकनीकी पदों के लिए संगठन के पास विकासोन्मुख मानव संसाधन विकास निति है और कर्मठ व्यक्तियों को यह योग्यता-आधारित सावधिक कार्य-कौशल परीक्षण प्रणाली (जिसे योग्यता पदोन्नति योजना के नाम से जाना जाता है), जो उच्च पद की उपलब्धता से संबद्ध नहीं है; के द्वारा उन्नयन हेतु सर्वश्रेष्ठ क्षमता प्रदान करता है और जिसके द्वारा संगठन में स्टाफ के जीवन-वृत्ति के उन्नयन हेतु मूल्यांकन किया जा सकता है |

For technical posts the Organisation has a progressive HRD policy and provides an excellent growth potential for the right individual through its periodical merit based performance review system (called Merit Promotion Scheme) de-linked from availability of higher post, by which the staff can be evaluated for the advancement of their career in the Organisation.

18. चयनित उम्मीदवारों को पाली-आधार पर दिन-रात कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

The selected candidates should be prepared to work on round the clock shift basis.

19. प्रारंभिक नियुक्ति मुख्य नियंत्रण सुविधा में होगी | तथापि, वृत्तिभोगियों की तैनाती सेवा की अनिवार्यता/जन-हित हेतु भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के किसी अन्य इकाई/केन्द्र में की जा सकती है |

The initial appointment will be at MCF. However, the incumbents are liable to be posted to any other Units/Centre of Indian Research Organisation, in the exigency of service/public interest.

20. उम्मीदवार सभी सत्रों/वर्षों के अंक-पत्रों की प्रतिलिपियाँ अवश्य संलग्न करें, जिसके बिना आवेदन-पत्र रद्द कर दिया जाएगा | जन्म-तिथि के प्रमाण-पत्र के तौर पर एस.एस.सी./एस.एस.एल.सी./10 वीं के अंक-पत्र/प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि अवश्य संलग्न की जाए | बिना आवश्यक सूचना, हस्ताक्षर और रंगीन फोटो के आवेदन-पत्र संक्षिप्त रूप से रद्द कर दिया जाएगा |

Candidates must enclose copies of marks card of all the semesters/years, without which the application is liable to be rejected. Copy of SSC/SSLC/10$^{th}$ std marks card/certificate may be enclosed as proof of date of birth. Application without the requisite information, signature and latest colour photograph will be summarily rejected.

21. अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व. के उम्मीदवार या विकलांग उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आवश्यक प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपियाँ अवश्य संलग्न करें; जिसके बिना आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया जाएगा | अ.पि.व. के मामले में केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आरक्षण दिया जाएगा; जो नवोन्नत वर्ग में नहीं आते

हैं। अ.पि.व. प्रमाण-पत्र में विशेष रूप से नवोन्नत वर्ग से निष्कासन का उपबंध अवश्य शामिल हो एवं यह संदर्भित समय पर; यथा उपरोक्त पद के लिए आवेदन-पत्र प्रेषित करने के समय, अद्यतन/वैध किया गया हो | इसलिए अ.पि.व. के उम्मीदवार वैध/अद्यतन अ.पि.व. प्रमाण-पत्र अवश्य संलग्न करें, जिसमें नवोन्नत वर्ग से निष्कासन का उपबंध विशेष रूप से शामिल हो, ताकि उनपर अ.पि.व. के आरक्षित पद के लिए विचार किया जा सके | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.पि.व. प्रमाण-पत्र की प्रस्तुति के अतिरिक्त, अ.पि.व. के रूप में आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवारों को निम्नलिखित प्रपत्र में एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए ।

Candidates belonging to SC/ST/OBC and or Person with Disabilities must enclose copies of the necessary certificates, in the prescribed format, issued by the competent authority, without which the application is liable to be rejected. In respect of OBC candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in the Creamy Layer. OBC certificate must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated/valid at the relevant point of time ie. at the time of submission of application form for the above post. OBC candidates must, therefore, furnish valid and updated OBC certificate which should specifically include the clause regarding Exclusion from Creamy Layer in order to be considered against the posts reserved for OBC. In addition to submission of OBC certificate issued by the Competent Authority, the candidates seeking reservation as OBC should furnish a declaration in the following format.

**घोषणा-पत्र Declaration**

**(केवल अ.पि.व. श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए Only for OBC category candidates)**

मैं,__________________________श्री________________का/की______________________________सुपुत्र/सुपुत्री __________________________ ग्राम/शहर/नगर______________________जिला_____________________राज्य का/की निवासी, एतद्द्वारा यह घोषणा करता/ती हूँ कि मैं______________समुदाय का/की हूँ, जिसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-सं.(एस.सी.टी) दिनांक 8/9/1993 में निहित आदेशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा सेवाओं में आरक्षण हेतु पि.वर्ग के रूप में मान्यताप्राप्त है | मैं यह भी घोषणा करता/ती हूँ कि मैं उपरोक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन दिनांक 8/9/1993 के अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/समुदाय (नवोन्नत वर्ग) से संबद्ध नहीं हूँ |

"I,_____________________________son/daughter of Shri _________________________resident of village/ town/city ___________________district_________________state_________________, hereby declare that I belong to the ____________________Community which is recongnised as a backward class by the Government of India for the purpose of reservation in services as per orders contained in Department of Personnel and Training Office Memorandum No. 36012/22/93-Estt. (SCT) dated 8/9/1993. It is also declared that I do not belong to persons/sections (Creamy Layer) mentioned in column 3 of the schedule of the above referred Office Memorandum dated 8/9/1993."

हस्ताक्षर Signature

नाम Name:

पता Address:

दिनांक Date:

(अ.पि.व. उम्मीदवार उपरोक्त घोषणा-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें, जिसके बिना उनके आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा)

**(The OBC candidates should enclose the above declaration along with their application, without which their application will not be considered).**

22. यदि चाहे, तो पदों को न भरने का अधिकार केन्द्र के पास सुरक्षित है ।
The Centre reserves the right not to fill up any of the posts, if it so decide.
23. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं | Only Indian Nationals need apply.
24. किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा |
No interim correspondence will be entertained.
25. किसी भी प्रकार की पैरवी करवाने पर उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जाएगा |
Canvassing in any form will be a disqualification.

**मुख्य नियंत्रण सुविधा में आवेदन-पत्र पहुँचने की अंतिम तिथि 30.05.2014 है |**
**Late date for receipt of application at MCF is 30.05.2014.**

**आवेदन कैसे करें HOW TO APPLY**

(अ) संलग्न निर्धारित प्रपत्र के अनुसार, A4 आकार के कागज़ पर (210 मिमी X 297 मिमी) पूर्ण विवरण के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत करें |
Application should be submitted in A4 size paper (210 x 297mm) as per the prescribed format annexed, with full details.

(ब) अनुलग्नक व पासपोर्ट आकार के हाल ही के फोटो के साथ ठीक से टैग या स्टेपल किया हुआ सभी सन्दर्भों में पूर्ण आवेदन-पत्र, निम्नलिखित पते पर 30.05.2014 तक या उससे पहले पहुंचने चाहिए ।
The application duly completed in all respects along with its enclosures, neatly tagged/stapled, and recent passport size photograph should reach the following address on or before **30.05.2014,** which is the last date prescribed for receipt of application.

**वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी Senior Administrative Officer**
**मुख्य नियंत्रण सुविधा Master Control Facility**
**सलागामे रोड Salagame Road**
**पोस्ट बॉक्स सं. PB No. 66**
**हासन Hassan – 573 201 कर्नाटक Karnataka**

(स) आवेदन-पत्र साधारण डाक द्वारा लिफ़ाफ़े के ऊपर "**________________________ के पद, पद कोड______________ के लिए आवेदन-पत्र** लिखकर प्रेषित करना चाहिए ।
Application should be sent by **ORDINARY POST** in a cover superscribed **"APPLICATION FOR THE POST OF ________________ POST CODE. __________".**

# आवेदन प्रारूप

# APPLICATION FORMAT

| अपना हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटे चिपकाएं<br>Paste your recent passport size photograph |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | आवेदित पद (पद का नाम एवं श्रेणी)<br>**Post applied for (Name of the post and discipline)** | |
| **2.** | पद का कोड **Post code** | |
| **3.** | विज्ञापन संख्या एवं तिथि **Advertisement number and date** | |
| **4.** | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)<br>**Name in full (IN BLOCK LETTERS)** | |
| **5.** | जन्म तिथि एवं जन्म-स्थान<br>**Date & place of birth** | |
| **6.** | राष्ट्रीयता **Nationality** | |
| **7.** | पिता/पति का नाम<br>**Father's/husband's name** | |
| **8.** | संपर्क हेतु टेलीफोन नं., ई-मेल पता आदि के साथ पत्राचार का पता (स्पष्ट अक्षरों में)<br>**Address for correspondence (IN BLOCK LETTERS) including contact Tele No, E-mail ID, if any,** | |
| **9.** | वर्तमान पते से सबसे नजदीक रेलवे स्टेशन<br>**Nearest railway station to the place of present address** | |
| **10.** | स्थायी पता **Permanent address** | |
| **11.** | क्या अनु.जा/अनु.ज.जा/अन्य पि. वर्ग/शारीरिक रूप से विकलांग हैं ? यदि हाँ, तो जिस वर्ग में सम्मिलित हैं, उस वर्ग का नाम लिखें एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें ।<br>**Whether, SC/ST/ OBC/Persons with Disabilities/Ex-serviceman (Please specifically write YES/NO. If YES, please write category to which you belong and attach an attested copy of certificate in the prescribed format issued by Competent Authority)** | |

| 12. | शैक्षणिक/व्यावसायिक अर्हताएं (एस.एस.एल.सी/एस.एस.सी. परिक्षा से प्रारम्भ करते हुए) **Educational/professional qualifications (beginning with SSLC/SSC examination) Enclose copies of certificates) :** |
|---|---|

| क्र.सं. **Sl. No.** | योग्यताएं **Qualifications** | बोर्ड/विश्वविद्यालय **Board/ University** | उतीर्ण होने का वर्ष **Year of Passing** | श्रेणी एवं अंकों का प्रतिशत **Class & % of mark** | मुख्य विषय/विशिष्टता **Main subjects / Specialization** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| 13. | अनुबंध बाध्यता के साथ काल-क्रमानुसार पूर्ववर्ती/वर्तमान नौकरियों का विवरण (वर्तमान स्थिति से प्रारम्भ कर पीछे की ओर) **Details of previous/present employment held, if any, including bond obligations, in chronological order starting from the present position backwards :** |
|---|---|

| क्र.सं. **Sl. No.** | पद पर नियुक्त **Post Held** | पूरे पते के साथ कार्यालय/संगठन का नाम **Name of office /organization with full address** | सेवा की अवधि **Period of service** | | वेतन **Salary Drawn (₹)** | कार्य की प्रकृति **Nature of duties** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से **From** | तक **To** | | |
| | | | | | | |

| 14. | चयनित होने की स्थिति में पद–ग्रहण करने के लिए आवश्यक न्यूनतम समय-सीमा **If selected the minimum time required to join the post** | |
|---|---|---|

| 15. | क्या पहले कभी इसरो/अं.वि. में किसी पद के लिए आवेदन किया है ? अगर हाँ, तो निम्नलिखित विवरण प्रतुत करें। **Whether applied for any post in ISRO/DOS before? if so following details may be furnished :** |
|---|---|

| केन्द्र का नाम **Name of the Centre** | विज्ञापन संख्या **Advt. No** | पद संख्या **Post No.** | पद का नाम **Name of the post** | साक्षात्कार की तिथि **Date of Interview** | साक्षात्कार का परिणाम **Result of Interview** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| 16. | क्या कभी आपको पुलिस हिरासत में लिया गया है? यदि हाँ, तो उसका पूरा विवरण दें। **Have you ever been detained in police custody? If yes, give complete details of it.** | |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| **17.** | (अ) क्या आप किसी न्यायालय द्वारा दोषी करार दिए गए हैं? यदि हाँ, तो उसका पूरा विवरण दें । | |
| | (ब) क्या किसी न्यायालय में आपके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित है या आपके विरूद्ध कार्रवाई की जा चुकी है? यदि हाँ, तो उसका पूरा विवरण दें ।<br>**(b)Whether any criminal case is pending or contemplated against you in any Court of Law? If yes, please give complete details thereto.** | |
| **18.** | सन्दर्भ सहित यदि कोई अन्य संबंधित सूचना आप प्रदान करना चाहते हैं ।<br>**Any other relevant information you wish to add including reference.** | |

मैं शपथ-पूर्वक कहता/ती हूँ कि इस आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी सत्य और सही है । मैं यह भी पूरी तरह से समझता/ती हूँ कि अगर किसी भी वक्त यह ज्ञात होता है कि मेरे द्वारा जान-बूझ कर तथ्यों को छुपाने या उन्हें गलत ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, तो मेरी उम्मीदवारी पूरी तरह से रद्द कर दी जायेगी या मेरी नौकरी समाप्त कर दी जायेगी |

**I affirm that the information given in this application is true and correct. I also fully understand that if at any stage it is discovered that any attempt has been made by me to willfully conceal or mis-represent the facts, my candidature may be summarily rejected or my employment terminated.**

स्थान **Place** :

तिथि **Date** :

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर Signature of the candidate)**